(c) whether, besides augmentingfunds through advertisements andsponsored programmes, any attempthas been made to examine the socialimpact of the presentation of imagesand behaviour to promote sales thr ough advertisements On the crosssection of society;

(d) if so, what are the details thereof stating the reasons for the proposed increase in the time for sponsored programmes and advertisements; and

(e) whether Government propose to evolve a long-term policy with defined objectives of the media?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF INFORMATION AND BROADCASTING (SHRI A JIT PANJA): (a) There is no such proposal at present.

(b) Does not arise.

(c) Studies to evaluate the impact of advertising are envisaged.

(d) Does not arise.

(e) So far as advertisements and commercials are concerned there already exists a well defined Code of Commercial Advertising on Door-darshan as also guidelines for sponsored programmes.

राष्ट्रीयकृत बैंकों द्वारा कम्प्यूटरों का उपयोग

*223. **श्री शरद यादव** : क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गत दो वर्षों के दौरान राष्ट्रीकृत बैंकों में कम्प्यूटरों पर कुल कितनी राशि खर्च की गई ;

(ख) क्या कम्प्यूटरों पर कार्य करने वाले व्यक्ति किसी बाहरी एजेंसी के हैं; यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं ;

(ग) जो काम कम्प्यूटरों द्वारा किया जा रहा है क्या वही काम बिना कम्प्यूटर की मदद के कर्मचारियों द्वारा भी किया जा रहा है ; और

(घ) बैंक के कर्मचारियों को कम्प्यूटर चलाने आदि के लिए कहां-कहां प्रशिक्षण दिया जा रहा है और क्या यह प्रशिक्षण आवश्यकतानुरूप है; यदि हां, तो इस कार्य को बाहर की एजेंसियों द्वारा करवाये जाने के क्या कारण हैं ?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री जनार्दन पुजारी) : (क) से (घ) भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा एकत्र की गयी सूचना के अनुसार, सरकारी क्षेत्र के 28 बैंकों ने कम्प्यूटर और एडवांस लैजर पोस्टिंग मशीनों की खरीद पर 1984–85 में 506 लाख रुपये और 1985–86 में 2109 लाख रुपए खर्च किये थे । बैंक इन मशीनों को चलाने के लिए प्राय: अपने कर्मिकों को ही रखते हैं, लेकिन कुछ क्षेत्रों में, प्रारम्भिक अवस्था में, मशीनों को चलाने के लिए बाहरी विशेषज्ञों की तब तक सहायता ली जाती है जब तक बैंक कार्मिक प्रणाली से परिचित नहीं हो जाते । प्रारम्भ में लैजर-पोस्टिंग मशीनों और कर्मचारियों द्वारा एक साथ काम किया जाता है । जब प्रणाली ठीक तरह से स्थिर हो जाती है तब उसके बाद हाथ से काम करना बंद कर दिया जाता है ।

बैंकों द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम के बारे में नियंत्रण परिचालन संबंधी आवश्यकताओं के अनुसार भारतीय रिजर्व बैंक के परामर्श से किया जाता है । कम्प्यूटरों और एडवांस लैजर पोस्टिंग मशीनों में कार्मिकों के प्रशिक्षण के लिए, बैंक कम्प्यूटर मेंटेनेंस कारपोरेशन लि०, राष्ट्रीय बैंक प्रबंध संस्थान और भारतीय रिजर्व बैंक के बैंकर प्रशिक्षण महाविद्यालय जैसी संस्थाओं से जहां प्रशिक्षण के लिए विशेषज्ञ सुविधाएं उपलब्ध हैं, सहायता ले रहे हैं